# प्रेस नोट थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर दिनांक 20.08.2026

## ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल "रेडी अन्ना" में सट्टा खिलाने के नाम पर विभिन्न बैंकों के म्यूल खातों के माध्यम से धनराशि का लेन-देन कर लोगों से ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 05 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, बायोमेट्रिक डिवाइस एवं अन्य दस्तावेज बरामद

साइबर अपराधों पर अकुश लगानें एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर गोरखपुर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ गोरखपुर के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष अंजय कुमार सिंह थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर व उ0नि0 उपेन्द्र कुमार सिंह साइबर कमांडो जोन गोरखपुर के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा दिनांक 20.08.2026 को आनलाईन गेमिंग में सट्टा खिलाने व अलग अलग बैंको के विभिन्न म्यूल/फर्जी खातों में पैसा मंगा कर लोगों के साथ ठगी करने वाले 05 नफर अभियुक्त 1.नितीश सिंह, 2.अभय कुमार सिंह. 3.वजीद चौधरी, 4.साहिल चौधरी व 5.मुन्ना कुमार को घटना में प्रयुक्त 23 अदद मोबाइल फोन, 03 अदद लैपटप , 01 अदद मिनी लैपटाप, 03 अदद टेबलेट, 11 अदद ए0टी0एम0, 16 अदद बैंक पासबुक, 01 अदद एडाप्टर मय केबल, 05 अदद मोबाईल चार्जर मय डाटा केबल, 01अदद डेटा केबल , 01अदद बायोमेट्रिक डिवाइस मय ओटीजी, 01 अदद पावर बैंक, 01 अदद राऊटर मय एडाप्टर ,01अदद स्पाई कार्ड, 02 अदद पैन कार्ड, 02 अदद आधार कार्ड, 01 अदद निर्वाचन कार्ड, 01 अदद सांइटिफिक कल्क्यूलेटर व अन्य घटना में प्रयुक्त अभिलेखों के साथ पुलिस गिरफ्तार किया गया । जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 401/2026 धारा 112(2), 318(4), 61(2) बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

थानाध्यक्ष अंजय कुमार सिंह थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर मय पुलिस टीम देखभाल, तलाश वांछित/संदिग्ध एवं शान्ति व्यवस्था ड्यूटी में मामूर थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि सेमरा नं0-2 स्थित पानी की टंकी के पास एक मकान में कुछ लोग रहकर ऑनलाइन गेमिंग में सट्टा लगवाने तथा भोले-भाले लोगों को झांसे में लेकर अलग-अलग बैंक खातों में धनराशि मंगाकर ठगी का कार्य कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मकान में मौजूद 05 व्यक्तियों को पकड़ा गया, जो ऑनलाइन गेमिंग में सट्टा लगाने वाली वेबसाइट **"रेडी अन्ना"** के माध्यम से अलग-अलग नामों से संचालित फर्जी बैंक खातों में धनराशि का डिपॉजिट एवं विड्रॉल कर रहे थे । उक्त संबंध में अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु कहने पर कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सके तथा बैंक खाता धारकों के संबंध में पूछताछ करने पर भी कोई जानकारी नहीं दे सके। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।

**अपराध का तरीका-**

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग **"रेडी अन्ना"** नामक वेबसाइट/पोर्टल, जो अवैध रूप से ऑनलाइन गेमिंग में सट्टा लगाने हेतु धनराशि का लेन-देन करती है, का पैनल खरीदकर उसकी एक ब्रांच के रूप में अपना कार्यालय संचालित करते थे। सट्टे की धनराशि का लेन-देन करने के लिए लोगों को बहला-फुसलाकर कई म्यूल/फर्जी बैंक खाते खुलवाते थे तथा उन्हीं खातों के माध्यम से सट्टे की रकम का लेन-देन करते थे। इस प्रकार प्रतिदिन लगभग लाखों रुपये की धनराशि का लेन-देन किया जाता था तथा धनराशि प्राप्त होने पर आपस में बांट लिया जाता था।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-**

1. नितीश सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी बासोपट्टी थाना बनकटा जनपद देवरिया
2. अभय कुमार सिंह पुत्र राधेश्याम सिंह निवासी बंगरुआ थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया
3. वजीद चौधरी पुत्र यूसुफ चौधरी निवासी अरसौली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर
4. साहिल चौधरी पुत्र इमामुद्दीन चौधरी निवासी अरसौली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर
5. मुन्ना कुमार पुत्र सुभाष सिंह निवासी नारायनपुर थाना नौतन जिला सिवान बिहार

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0स0 401/2026 धारा 112(2), 318(4), 61(2) बीएनएस थाना शाहपुर गोरखपुर

**वांछित अभियुक्त-**

1. नितिश प्रताप सिंह, 2. संजीव सिंह 3. सुनीश कुमार सिंह अज्ञात

**बरामदगी का विवरण:-**

1. 23 अदद मोबाइल फोन
2. 03 अदद लैपटाप
3. 01 अदद मिनी लैपटाप
4. 03 अदद टेबलेट
5. 11 अदद ए0टी0एम0
6. 16 अदद बैंक पासबुक
7. 01 अदद एडाप्टर मय केबल
8. 05 अदद मोबाईल चार्जर मय डाटा केबल
9. 01अदद डेटा केबल
10. 01अदद बायोमेट्रिक डिवाइस मय ओटीजी
11. 01 अदद पावर बैंक
12. 01 अदद राऊटर मय एडाप्टर
13. 01अदद स्पाई कार्ड
14. 02 अदद पैन कार्ड
15. 02 अदद आधार कार्ड
16. 01 अदद निर्वाचन कार्ड
17. 01 अदद सांइटिफिक कल्क्यूलेटर

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. थानाध्यक्ष अंजय कुमार सिंह थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 उपेन्द्र कुमार सिंह साइबर कमांडो जोन गोरखपुर
3. उ0नि0 सुभाष चन्द्र पाण्डेय चौकी प्रभारी असुरन थाना शाहपुर गोरखपुर
4. उ0नि0 सत्यम सिंह चौकी प्रभारी रेल बिहार थाना शाहपुर गोरखपुर
5. उनि0 चन्द्रभान सिंह थाना शाहपुर गोरखपुर
6. उ0नि0 सुदीप सिंह थाना शाहपुर गोरखपुर
7. का0 सद्दाम हुसैन थाना शाहपुर गोरखपुर
8. का0 प्रवीण कुमार यादव थाना शाहपुर गोरखपुर
9. का0 अर्जुन शर्मा थाना शाहपुर गोरखपुर
10. का0 अभिषेक सिंह थाना शाहपुर गोरखपुर
11. रि0का0 अजीत सिंह थाना शाहपुर गोरखपुर